यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भर्ती प्रॉजेक्ट - 2012 - लिपिक

-भर्ती अधिसूचना

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एक सूचीबद्ध अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में है तथा भारतभर में प्रतिनिधित्व है, सिंगल विंडो ऑपरेटर "ए " / क्लर्क के पद पर 1636 रिक्तियों को भरने के लिए उन पात्र उम्मीदवारों से ऑन -लाइन आवेदन आमंत्रित करता है जिनके पास आइबीपीएस द्वारा जारी वैध स्कोर कार्ड है.

इसमें अजा/अजजा /अपिव तथा विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों का बैकलॉग शामिल है

(ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पहले कृपया इस अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़े)
(ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में आवेदन शुल्क का भुगतान करें)

गैर-वापसी योग्य आवेदन फीस का नकद भुगतान (केवल सामान्य तथा अपिव उम्मीदवारों के लिए)	: रु. 100/-
अन्यों के लिए (सूचना प्रभार स्वरूप) भारतभर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में करें	: रु. 20/-
फीस के भुगतान हेतु प्रारंभ तिथि	: 19.06.2012
ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुति के आरंभ की तारीख (बैंक के वेबसाइट पर उपलब्ध ऑन लाइन आवेदन फॉर्म हेतु उचित लिंक का चुनाव करें.)	: 19.06.2012
फीस के भुगतान तथा ऑन -लाइन आवेदन के लिए अंतिम तारीख	:03.07.2012

1.(ए) पद :

पद	आयु (यथा 01.08.2011)*	परिलब्धियां
सिंगल विंडो ऑपरेटर "ए " / क्लर्क	न्यूनतम आयु : 20 वर्ष तथा #अधिकतम आयु 28 वर्ष	स्टाफ कल्याण योजनाओं के तहत् बैंक नियमानुसार रु.8000-रु.19300 के समय-मान में मूल वेतन तथा मंभत्ता,मकिभ,नप्रभ,वाहनभत्ता,उपदान,पेंशन,याकिरि,चिकित्सा सहायता तथा अस्पतालीकरण तथा अन्य व्यय की प्रतिपूर्ति तथा विभिन्न सुविधाएं .

#पैरा 4 के अनुसार अनारक्षित के लिए,आरक्षित(अजा/अजजा/अपिव/पीडब्लूडी/एक्सएसएम) के लिए छूट सहित अधिकतम आयु

*आयु (न्यूनतम तथा अधिकतम),शैक्षिक अर्हता तथा अन्य अर्हता मापदंड के लिए अर्हता कट ऑफ तारीख 01.08.2011 होगी जैसा कि आइबीपीएस द्वारा लिपिकों के लिए उनकी 'सामान्य लिखित परीक्षा' अधिसूचना में निर्धारित किया गया है.

नीचे बताये अनुसार भर्ती राज्य-वार/संघ शासित प्रदेश के आधार पर की जाएगी.अत: उम्मीदवार को उसी राज्य अथवा संघ शासित प्रदेश की रिक्तियों के लिए आवेदन करना आवश्यक होगा जहां से वे सामान्य लिखित परीक्षा में बैठे हो तथा उसे उत्तीर्ण किया हो. उम्मीदवार केवल एक राज्य अथवा संघ शासित क्षेत्र के लिए आवेदन कर सकता है. **उन्हें उस राज्य / संघशासित क्षेत्र में कही भी तैनाती के लिए इच्छुक होना चाहिए.आवेदन फॉर्म की प्रस्तुति के बाद आवेदित पसंद के राज्य/संघ शासित प्रदेश तथा / अथवा साक्षात्कार केन्द्र में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी. उम्मीदवार जिस राज्य/संघ शासित प्रदेश से आवेदन करना पसंद करेगा वहां की राजभाषा भाषा पढ़ना,लिखना तथा बोल सकना अनिवार्य है .**

(बी) रिक्तियों की स्थिति :

राज्य/संघ शासित प्रदेश	कुल योग	वर्टिकल आरक्षण				होरिझॉन्टल आरक्षण						
						पीडब्ल्यूडी				एक्सएसएम		
		अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	दृ वि	श्रवि	शावि	कुल	डीएक्सएस	आरए क्सएस	कुल
आंध्र प्रदेश	112	18	8	30	56	1	0	0	1	5	11	16
असम	22	0	3	9	10	1	1	0	2	1	2	3
अरुणाचल प्रदेश	1	0	0	0	1	1	0	0	1			0
अंडमान तथा निकोबार द्वि.स.	1	0	0	1	0	1	0	0	1			0
बिहार	50	8	1	17	24	2	1	1	4	2	5	7
छत्तीसगढ़	25	2	10	1	12	1	1	0	2	1	3	4
दिल्ली	150	20	12	43	75	1	2	1	4	7	15	22
गोवा	6	0	2	1	3	1	0	0	1		1	1
गुजरात	18	0	3	6	9	2	1	0	3	1	2	3
हरियाणा	43	9	0	12	22	2	1	1	4	2	4	6
हिमाचल प्रदेश	2	0	0	1	1	0	0	1	1			0
झारखंड	21	2	7	2	10	0	1	0	1	1	2	3
जम्मू एवं कश्मीर	3	0	1	0	2	1	0	0	1		1	1
केरल	69	0	3	37	29	1	1	0	2	3	7	10
कर्नाटक	49	7	6	13	23	1	1	0	2	2	5	7
मध्य प्रदेश	110	17	22	16	55	2	3	0	5	5	11	16
महाराष्ट्र	135	14	36	31	54	4	4	1	9	6	13	19
मेघालय	1	0	0	1	0	1	0	0	1			0
मिझोरम	2	0	1	0	1	1	0	0	1			0
उड़ीसा	14	2	3	2	7	0	1	0	1	1	1	2
पंजाब	63	14	0	22	27	3	2	2	7	3	6	9
राजस्थान	43	7	5	9	22	1	2	0	3	2	4	6
सिक्किम	1	0	0	0	1	1	0	0	1			0
तमिलनाडु	114	23	0	34	57	3	3	1	7	5	12	17
त्रिपुरा	3	0	2	0	1	1	0	0	1		1	1
उत्तर प्रदेश	526	93	9	162	262	9	12	5	26	24	52	76
उत्तराखंड	11	1	1	2	7	0	1	1	2	1	1	2
पश्चिम बंगाल	41	0	3	18	20	1	2	0	3	2	4	6
कुल	1636	237	138	470	791	43	40	14	97	74	163	237

रिक्तियों की संख्या साथ ही आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यतानुसार इसमें परिवर्तन हो सकता है.

टिप्पणियां :

उम्मीदवारों को ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म सावधानीपूर्वक भरना सुनिश्चित करना चाहिए तथा उसे सबमिट करने से पूर्व इस बात से स्वयं संतुष्ट होना चाहिए कि आवेदन में भरी गयी जानकारी सही है.

2:संक्षिप्ताक्षर एवं परिभाषाएं :

व्यक्तियों की श्रेणी :

अ.जा. - अनुसूचित जाति,
अ.ज.जा. - अनुसूचित जन जाति,
अ.पि.व.-अन्य पिछड़े वर्ग,
एम बीसी - अल्प संख्यक समुदायों में अन्य पिछडे वर्ग
आरबीसी - शेष अन्य पिछडे वर्ग
सामा.(यू.आर) - सामान्य (अनारक्षित);
पीडब्ल्यूडी - विकलांग व्यक्ति (शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्ति)
दृवि - दृष्टि विकलांग (नेत्रहीन / आंशिक नेत्रहीन / कम दृष्टि).
श्रवि - श्रवण विकलांग
शा.वि.-शारीरिक विकलांग (शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्ति)
भू.सै.-भूतपूर्व सैनिक,
डीएक्सएस - विकलांग भूतपूर्व सैनिक / युद्ध में दिवंगत सैनिकों के आश्रित
आरएक्सएस - शेष भूतपूर्व सैनिक

अस्थि विकलांग (अ.वि.) व्यक्ति वह है जो न्यूनतम 40% शारीरिक दोष या विरुपता वाला हो जिससे हड्डियों, मांसपेशियों एवं जोडों के सामान्य संचालन में बाधा होती हो और यह राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित हो.केवल वे आवेदन करने के लिए पात्र होंगे जो निम्नलिखित संवर्ग में आते हो :

बीएल - दोनों पांव प्रभावित किन्तु बाहु प्रभावित न हो;

ओए - एक बाहु प्रभावित (दायां अथवा बायां)

(ए) फैलाव दुर्बल (बी) पकड़ में कमज़ोरी (सी) गतिविभ्रम

ओएल - एक पांव प्रभावित(दायां अथवा बायां)

एमडब्लू - मांसपेशियों की दुर्बलता तथा सीमित शारीरिक क्षमता

3.दृष्टि विकलांग (दृवि)

(ए) ऐसे व्यक्ति, जो निम्नलिखित स्थितियों में से किसी से ग्रसित हो:

(i) दृष्टि का पूर्ण अभाव

(ii) सुधारात्मक लेंसों के साथ बेहतर आंख की दृष्टि तीक्ष्णता 6/60 या 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं हो. अथवा

(iii)दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 20 डिग्री के कोण को अंतरित करता हो या उससे भी खराब हो और ऐसा राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक मेडिकल बोर्ड द्वारा सत्यापित हो.

(बी) कम दृष्टि वाले व्यक्ति से तात्पर्य है स्तरीय प्रत्याकर्षक सुधार के इलाज के बाद के कार्य में कमी वाला परंतु जो समुचित सहायक उपकरण के साथ एक कार्य की योजना बनाने या कार्यान्वयन करने हेतु दृष्टि का उपयोग करता हो उपयोग करने में सक्षम हो.

4. बधिर एवं श्रवण विकलांग (श्रवि):

(ए) बधिर वे व्यक्ति हैं जिनमें श्रवण की अनुभूति जीवन के सामान्य उद्देश्यों हेतु कार्यशील नहीं हैं यानि, दोनों कान में श्रवण की पूर्ण हानि. वे बढ़ाई गयी आवाज को भी सुनते या समझते नहीं है.

(बी) श्रवण विकलांगता का अर्थ है फ्रीक्वेंसी के संवाद विषयी दायरे में बेहतर कान में 60 डेसीबल से अधिक की हानि.

5 : पदों में आरक्षण :

(ए) बैकलॉग सहित विभिन्न संवर्गों के व्यक्तियों के लिए पदों में आरक्षण ऊपर पैरा 1 में संबंधित रिक्तियों के सामने बताये अनुसार है.आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवार अनारक्षित(सामान्य संवर्ग) रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं किन्तु उन्हें आरक्षित संवर्ग खंड के लिए उपलब्ध आयु, अर्हता,चयन मानक तथा अन्य पैरामीटर में छूट उपलब्ध नहीं होगी तथा उन्हें सामान्य संवर्ग के मानकों के आधार पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना होगा.

जहां पद विशिष्ट संवर्ग के लिए चिह्नित है वहां अनारक्षित- सामान्य संवर्ग,अन्य संवर्गों के उम्मीदवारों को आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी.

विकलांग (पीडब्लूडी) के लिए पदों में आरक्षण जहां उम्मीदवार 'असमर्थ व्यक्ति' (समान अवसर,अधिकारों का संरक्षण तथा पूर्ण सहभागिता) अधिनियम,1995 में बताये अनुसार पद के लिए आवश्यक अपने कार्य करने की स्थिति में हो .जो कि आगे दिया गया है - अ.वि.- X,दृवि- X,श्रवि-X

चूंकि शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्लूडी) व्यक्तियों के संवर्ग में होनेवाले उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तर आधार पर होगा अत: चयनित उम्मीदवारों को वे जिस संवर्ग से हैं के उचित संवर्ग में तैनात किया जाएगा.(अर्थात् अजा,अजजा,अपिव तथा सामान्य)

(बी) ओबीसी संवर्ग का उम्मीदवार जो आरक्षित ओबीसी संवर्ग के अंतर्गत आवेदन करता है **उसे "अन्य पिछड़े वर्ग जो भारत सरकार के अंतर्गत पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं के लिए प्रमाणपत्र फॉर्म " नामक फॉर्मेट में अपने "समुदाय" संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा.(** ***फॉर्मेट बैंक की वेबसाइट पर इस अधिसूचना के साथ उपलब्ध है)*** तथा इस प्रमाणपत्र में **" नॉन क्रिमी लेअर" खंड अवश्य होना चाहिए जो 31.03.2012 को समाप्त वित्तीय वर्ष की आय पर आधारित हो.** उक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत न करनेवाले उम्मीदवार को ओबीसी संवर्ग के अंतर्गत नहीं माना जाएगा.

(सी) ऊपर बतायी गयी रिक्तियां साथ ही आरक्षित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन हो सकता है.

(डी) आरक्षित उम्मीदवार उपलब्ध न होने के मामले में, बैंक को सरकार के निदेशों के अनुसार इन श्रेणियों को आपस में अदला-बदली करने का अधिकार होगा.

(इ) यह स्पष्ट किया जाता है कि शारीरिक विकलांगता वाले उम्मीदवारों को बैंक के सभी कार्यालयों / शाखाओं में नियुक्त करना संभव नहीं हो सकता और उन्हें बैंक द्वारा उनके लिए निर्धारित उपयुक्त पद पर कार्य करना होगा.जहां पद से संबंधित कार्य करते समय कुछ विशिष्ट क्षमता (दृष्टि,श्रवण,संवाद,यात्रा तथा संचलन) अनिवार्य है वहां इस क्षमता में दुर्बल होनेवाले उम्मीदवार उस पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं होंगे अत: उन्हें आवेदन नहीं करना चाहिए.

6. ऊपरी आयु सीमा में छूट :

अनारक्षित /सामान्य संवर्ग के उम्मीदवार ने ऊपर पैरा 1 में दर्शाये अनुसार न्यूनतम तथा अधिकतम आयु यथा दि. **01.08.2011** आयु पूरी की होनी चाहिए .

आरक्षित पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट जिसे सामान्य संवर्ग के पदों के साथ दर्शाया गया है निम्नानुसार उपलब्ध है :

i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष

ii) अन्य पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष.

iii) शारीरिक विकलांग (शा.वि.) के लिए संचयी आधार पर 10 वर्ष. इसलिए शा.वि.श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए संचयी आयु छूट इस प्रकार होगी (क) अजा/अजजा के लिए 15 वर्ष (10+5) (ख) अ.पि.व. के लिए 13 वर्ष (10+3) (ग) सामान्य उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष (0+10), बशर्ते ऐसी संचयी छूट के कारण बैंक की सेवा में उसके द्वारा कार्यग्रहण की तिथि को उम्मीदवार की आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं हो.

iv) सभी व्यक्ति जो 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में सामान्यत: निवासी रहे हैं के लिए 5 वर्ष. इस मानदण्ड के अंतर्गत आयु छूट के योग्य व्यक्तियों को कश्मीर डिवीजन के जिला मैजिस्ट्रेट से जिसके क्षेत्राधिकार में उसने सामान्यत: अधिवास किया था अथवा इस संबंध में जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा नियमित किसी अन्य अधिकारी से, इस आशय का अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि उम्मीदवार 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के डिवीजन का अधिवासी रहा था.

v) विधवा,तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पति से कानूनी रुप से विभक्त, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया हो के मामले में 9 वर्ष बशर्ते की अधिकतम आयु सीमा सामान्य / अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए 35 वर्ष, अन्य पिछडे वर्ग के लिए 38 वर्ष तथा अजा / अजजा संवर्ग के लिए 40 वर्ष होगी. अन्य आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आयु में छूट भी संचयी आधार पर उपलब्ध होगी.

vi) 1984 के दंगों के मृतकों के बच्चों / परिवार सदस्यों के लिए 5 वर्ष. इस मापदंड के अंतर्गत आयुसीमा में छूट के लिए पात्र व्यक्तियों को जिला मैजिस्ट्रेट से इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि वह भारत सरकार द्वारा दंगा पीड़ित व्यक्तियों के लिए मंजूर पुनर्वास पैकेज 1984 जिसकी सूचना वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के पत्र क्रमांक एफ क्र.9/21/2006-आइआर, दिनांक 27.7.2007 में दी गई है, के अनुसार राहत के लिए पात्र है.

vii) भूतपूर्व सैनिक जो समय समय-समय पर संशोधित, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग अधिसूचना सं.36034/5/85/एस्ट (एससीटी) दिनांक 27.10.1986 में दी हुई संशोधित परिभाषा की पूर्ति करते हों और जिन्होंने सशस्त्र बल में 6 माह की लगातार सेवा से कम सेवा न की हो, उनको उनकी वास्तविक आयु से इस प्रकार की गई सेवा की अवधि को कम करके आयु में छूट के लाभ की अनुमति होगी और परिणामी उनकी आयु उस पद के लिए निर्धारित अधिकत सीमा से 3वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपने पुनर्नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिकों को मिलनेवाले लाभ का उपयोग करते हुए सिविल में एक बार सरकारी नौकरी में योगदान किया है, सरकारी सेवा में उनके पुनर्नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिक वाली स्थिति समाप्त हो जाती है. अधिकतम ऊपरी आयु सीमा सभी छूट पर विचार करने के बाद 50 वर्ष होगी.

7 : पात्रता मापदंड : (यथा 01.08.2011)

(i) राष्ट्रीयता / नागरिकता

उम्मीदवार अवश्य ही [i] भारत का नागरिक हो अथवा [ii] नेपाल की प्रजा हो अथवा [iii] भूटान की प्रजा हो अथवा [iv] तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रुप से बसने के इरादे से 1 जनवरी 1962 के पूर्व भारत आया हो अथवा [v] भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति, जो पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्व अफ्रीकी देशों केन्या, उगांडा संयुक्त तंजानिया गणतंत्र [पूर्व का टेंगानिका और जंजीबार], जांबिया,मलावी, जैर, इथियोपिया और वियतनाम से भारत में स्थायी रुप से बसने के इरादे से विस्थापित हुआ हो, बशर्ते कि ऊपर की कोटियों [ii] [iii] [iv] एवं [v] से आने वाला उम्मीदवार ऐसा व्यक्ति होगा, जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाणपत्र जारी किया गया हो, ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाणपत्र अनिवार्य है, उसे परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है. परन्तु अंतिम चयन होने पर नियुक्ति का प्रस्ताव तभी दिया जा सकेगा, जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया हो.

(ii) सेवारत कर्मचारियों से आवेदन पत्र

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के विद्यमान कर्मचारी भी उपर्युक्त पदों हेतु उचित माध्यम द्वारा आवेदन कर सकते हैं; बशर्ते कि वे पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों. ऐसे उम्मीदवार चुने जाने पर बैंक के अपने वर्तमान पद से त्याग पत्र देंगे और नये सिरे से बैंक की सेवा ग्रहण करेंगे.

(iii) आयु:

छूट के साथ अधिकतम तथा न्यूनतम आयु यथा **01.08.2011** होगी.

(iv) शैक्षिक योग्यता : (यथा -01.08.2011)

दि. 01.08.2011 को उम्मीदवार की न्यूनतम अर्हता निम्नानुसार होनी चाहिए.

1.उम्मीदवार ने आयबीपीएस द्वारा संचालित सामान्य लिखित परीक्षा में न्यूनतम कट-ऑफ अंक प्राप्त किए होने चाहिए तथा उसके पास आयबीपीएस द्वारा जारी वैध स्कोर कार्ड होना चाहिए.

न्यूनतम कट-ऑफ अंक - कुल भारित मानक स्कोर **(राज्यवार तथा संवर्ग वार) निम्नानुसार होंगे.**

राज्य/संघ शासित प्रदेश	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	पीडब्यूडी (शावि/दृवि/श्रवि)	भूतपूर्व सैनिक
आंध्र प्रदेश	161	151	170	173	105	105
असम	-	143	145	157		
अरुणाचल प्रदेश	-	-	-	136		
अंडमान तथा निकोबार द्वि.स.	-	-	120	-		
बिहार	173	164	180	183		
छत्तीसगढ़	154	138	167	167		
दिल्ली	156	139	159	171		
गोवा	-	107	136	148		
गुजरात	-	150	167	177		
हरियाणा	156	-	165	176		
हिमाचल प्रदेश	-	-	169	182		

झारखंड	166	158	183	184		
जम्मू एवं कश्मीर	-	127	-	174		
केरल	-	127	165	176		
कर्नाटक	138	122	145	151		
मध्य प्रदेश	156	132	170	173		
महाराष्ट्र	160	105	156	164		
मेघालय	-	-	109	-		
मिझोरम	-	136	-	143		
उड़ीसा	164	154	179	182		
पंजाब	149	-	154	172		
राजस्थान	163	160	175	180		
सिक्किम	-	-	-	146		
तमिलनाडु	145	-	152	152		
त्रिपुरा	-	120	-	162		
उत्तर प्रदेश	147	133	156	166		
उत्तराखंड	166	155	169	179		
पश्चिम बंगाल	-	154	163	181		

2. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री (जो भूतपूर्व सैनिक ऊपर उल्लिखित सिविल परीक्षा अर्हता उत्तीर्ण नहीं है उन्हें सशस्त्र दल में सेवा के दौरान सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए जो स्नातक की सिविल परीक्षा के समकक्ष हो.)

(3) उम्मीदवार जिस राज्य/संघ शासित क्षेत्र से आवेदन करता है वहां की राजभाषा पढ़ने,लिखने तथा बोलने का ज्ञान.

उम्मीदवारों को नोट करना चाहिए कि केवल पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होने से यह सुनिश्चित नहीं होगा कि उन्हें साक्षात्कार प्रक्रिया में बुलाया जाएगा. केवल आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों में से जिन उम्मीदवारों को राज्यवार शॉर्टलीस्ट किया गया है जैसाकि ऊपर बताया गया है अर्थात् घोषित राज्यवार रिक्तियों 3 गुना तथा 5 गुना ,को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

नोट :

- **उम्मीदवार को आवेदन के संबंधित कॉलम में निकटतम दो डेजिमल में परिकलित प्राप्त किए गए क्लास / डिवीजन को विशिष्ट रुप से दर्शाना होगा. जहां यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिशत अंक प्रदान नहीं किए जाते हैं किन्तु केवल सीजीपीए / ओजिपीए प्रदान किया जाता है वहां उसे प्रतिशत में परिवर्तित किया जाना चाहिए साथ ही आवेदन में सीजीपीए / ओजीपीए भी दर्शाना चाहिए.**

- **स्नातक अथवा स्नातक के समकक्ष जैसी भी स्थिति हो के अर्हता परीक्षा का परिणाम यूनिवर्सिटी द्वारा दिनांक 0 1.08.2011को उससे पूर्व घोषित किया गया हो.**

- **उम्मीदवार द्वारा आइबीपीएस की प्रत्येक परीक्षा में तथा सामान्य लिखित परीक्षा में कुल निर्धारित अंक प्राप्त किए गए हों. उम्मीदवार ऑन लाइन आवेदन फार्म में उल्लिखित स्कोर के समर्थन में वैध स्कोर कार्ड**

प्रस्तुत करने की स्थिति में हो यदि उन्हें चयन प्रक्रिया का अगला चरण जैसे साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता हो.

जब उम्मीदवार को वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तब उन्हें सिस्टम जनित ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म के साथ प्रमाण के रुप में निम्नलिखित की स्पष्ट तथा और सुपाठय फोटोप्रतियां जोड़नी होगी.

[ए] एचएससी परीक्षा अथवा 10+2+3 पैटर्न के अंतर्गत 12वी कक्षा की अंकसूची अथवा 11+3 पैटर्न के अंतर्गत कक्षा XI अथवा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से इंटरमीडीएट परीक्षा अथवा प्री-यूनिवर्सिटी(पीयूसी) परीक्षा की अंकसूची

(बी) विश्वविद्यालय की अंतिम डिग्री उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र

(सी) जिस कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी से उम्मीदवार ने अध्ययन किया है, वहां से डिग्री परीक्षा के संबंध में प्रत्येक वर्ष / सेमेस्टर की वर्ष वार/ सेमेस्टर वार अंक तालिका, तथा

मानदंड को पूरा न करने वाले साथ ही ऊपर बताये गये प्रमाण प्रस्तुत न करनेवाले आवेदनों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा. उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार तथा अगली चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. चाहे उन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की हो.

8. परिवीक्षा अवधि :

चयनित उम्मीदवार उनके द्वारा बैंक में कार्यग्रहण करने की तारीख से 6 माह की अवधि की सक्रिय सेवा के लिए परिवीक्षाधीन होगा.

9. चयन प्रक्रिया :

व्यक्तिगत साक्षात्कार

प्रत्याशी के शैक्षिक रिकार्ड, अभिव्यक्ति क्षमता, विचारों की स्पष्टता, नेतृत्व गुण, पाठ्येतर क्रियाकलाप, अभिरुचियाँ, सामान्य आचरण, व्यवहार, सम्प्रेषण कौशल आदि को परखने के लिए 50 अंकों का व्यक्तिगत साक्षात्कार संचालित किया जाएगा. व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए न्यूनतम अर्हकारी अंक 50% (आरक्षित संवर्ग के लिए 45%) होंगे .जो उम्मीदवार वैयक्तिक साक्षात्कार में सफल नहीं होंगे उनके मामले में अंतिम चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा.

वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों की शॉर्ट लिस्टिंग आईबीपीएस द्वारा संचालित लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के कार्यनिष्पादन तथा आइबीपीएस द्वारा जारी वैध स्कोर कार्ड के अनुसार प्राप्त कुल वेटेड स्कोर के आधार पर की जाएगी.

रिक्तियों की राज्य-वार संख्या के आधार पर केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने आइबीपीएस द्वारा संचालित सामान्य लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनके पास आईबीपीएस द्वारा जारी वैध स्कोर कार्ड है तथा जिन्होंने कुल भारांक के अनुसार मेरिट में क्रमानुसार पर्याप्त रुप से ऊंचा रैंक प्राप्त किया है, को **वैयक्तिक** साक्षात्कार में सामान्य / अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए 1: 3 तथा आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवारों के लिए 1 : 5 के अनुपात में बुलाया जाएगा. दूसरे शब्दों में वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु निर्धारित रिक्तियों के पेटे प्रत्येक पद के लिए 3 सामान्य तथा 5 आरक्षित संवर्ग के उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा जो उनके द्वारा प्राप्त कुल भारांक के अनुसार उनकी रैंकिंग पर निर्भर होगा. बैंक पूर्णत: अपने विवेकानुसार उक्त अनुपात में उम्मीदवारों को **साक्षात्कार** हेतु बुलाने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

उम्मीदवारों को नोट करना चाहिए कि केवल पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होने से यह सुनिश्चित नहीं होगा कि उन्हें साक्षात्कार प्रक्रिया में बुलाया जाएगा. केवल आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों में से जिन उम्मीदवारों को राज्यवार शॉर्टलीस्ट किया गया है जैसाकि ऊपर बताया गया है अर्थात् घोषित राज्यवार रिक्तियों 3 गुना तथा 5 गुना ,को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

वैयक्तिक साक्षात्कार में उत्तीर्ण होनेवाले उम्मीदवारों को, आईबीपीएस द्वारा संचालित लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल वेटेड स्टैण्डर्ड स्कोर तथा संबंधित अजा / अजजा / अपिव / सामान्य संवर्ग के अधीन वैयक्तिक साक्षात्कार के आधार पर अवरोही ऑर्डर में रैक दिया जाएगा.

संबंधित संवर्ग के अधीन उपलब्ध रिक्तियों के अध्यधीन केवल उन उम्मीदवारों को वैयक्तिक साक्षात्कार / समूह चर्चा तथा लिखित परीक्षा दोनों में उत्तीर्ण होनेवाले उम्मीदवारों को चयन हेतु उनके द्वारा संबंधित संवर्ग के अंतर्गत प्राप्त मेरिट रैंक के क्रमानुसार चयनित किया जाएगा.

यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि उम्मीदवार निर्धारित शर्ते पूरी नहीं कर रहा है. अथवा पात्रता मापदंड पूरे नहीं कर रहा है और / अथवा उन्होंने गलत जानकारी प्रस्तुत की है और अथवा कोई भौतिक जानकारी / तथ्य छुपाएं हैं तब उनकी उम्मीदवारी को रद्द किया जाएगा. यदि इस तरह की कोई भी त्रुटिया नियुक्ति के बाद भी पायी गई तब उनकी सेवाएं सरसरी तौर पर समाप्त कर दी जाएगी.

शॉर्टलीस्ट किये गये उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकतानुसार उनके चिकित्सीय रुप से योग्य पाए जाने पर की जाएगी. यह नियुक्ति तथा बैंक सेवाओं में स्थायीकरण सन्माननीय व्यक्तियों से संतोषजनक संदर्भ प्राप्त करने, पूर्व चरित्र का पुलिस सत्यापन, जाति / वर्ग सत्यापन तथा अन्य अनुपालन के अध्यधीन होगी.

10. वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु केन्द्र

वैयक्तिक साक्षात्कार सामान्यतया देश के प्रमुख केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा.

योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार आदि की सूचना केवल इ-मेल तथा एसएमएस द्वारा, उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में दिये गये इ-मेल पते,मोबाइल फोन क्रमांक पर दी जाएगी.ऐसे उम्मीदवारों की सूची साथ ही साक्षात्कार की तारीख,समय तथा स्थान की सूचना बैंक की वेबसाइट 'www.unionbankofindia.co.in'के अधीन 'करियर' लिंक के अंतर्गत प्रदर्शित किये जाएंगे. **उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि अपने उम्मीदवारी की स्थिति का पता समय-समय पर बैंक की वेबसाइट देखकर लगाएं.** कृपया नोट करें कि साक्षात्कार प्रक्रिया से संबंधित उपरोल्लिखित प्रक्रिया के अलावा अन्य कोई प्रक्रिया नहीं अपनायी जाएगी.

11. पहचान सत्यापन

उम्मीदवार को वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेते समय, सत्यापन हेतु आवश्यकता होने पर बुलावा पत्र,फीस भुगतान रसीद ,फोटो पहचान जैसे पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/ मतदाता कार्ड/ फोटो के साथ बैंक पासबुक तथा आइबीपीएस को सामान्य लिखित परीक्षा हेतु किये गये आवेदन की प्रति,जिस पर फोटोग्राफ लगी हो, की फोटो प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी. यदि उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध है तब उसे समूह चर्चा /साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे डाक संप्रेषण का इंतजार किये बिना अथवा टेलीफोन अथवा इ-मेल पर पूछताछ किये बिना समय -समय पर बैंक की वेबसाईट देखकर अपनी उम्मीदवारी से संबंधित जानकारी प्राप्त करें क्योंकि किसी भी तरह की वैयक्तिक और / अथवा टेलिफोन और /अथवा इ-मेल द्वारा अथवा डाक द्वारा पूछताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा/ जबाब नहीं दिया जाएगा. यद्यपि पात्र उम्मीदवार जो साक्षात्कार के लिए शॉर्टलीस्ट किये गये हैं, उन्हें पर्याप्त समय पहले सूचित करने हेतु हर संभव प्रयास सुनिश्चित किये जाएंगे ताकि

उम्मीदवार के पास साक्षात्कार में भाग लेने हेतु पर्याप्त समय हो, तथापि बैंक, किसी भी कारण से उम्मीदवार को सूचना की प्राप्ति में होने वाले विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. अत: उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि समय -समय पर बैंक की वेबसाईट देखकर अपनी उम्मीदवारी से संबंधित स्थिति की जानकारी प्राप्त करते रहें.

उम्मीदवार द्वारा उनके आवेदन फॉर्म में दर्शित साक्षात्कार केन्द्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार **नहीं** किया जाएगा और / अथवा उसकी अनुमति नहीं दी जाएगी.
नोट : बैंक को अधिकार होगा कि वह तकनीकी अथवा प्रशासनिक अत्यावश्यकता के कारण परीक्षार्थी द्वारा चुने गये केंद्र के अलावा अन्य केंद्र आबंटित कर दें तथा वैयक्तिक साक्षात्कार की निर्धारित तारीखें पहले लें अथवा आगे बढ़ायें और / अथवा किसी केंद्र को तथा स्थान को रद्द कर दें और या कुछ अन्य केंद्र जोड दें और/अथवा वैयक्तिक साक्षात्कार रद्द कर दें.
फीस का भुगतान करने के लिए योग्य उम्मीदवारों को "भर्ती फीस भुगतान चालान" की मूल प्रति साक्षात्कार बुलावा पत्र के साथ जोड़नी होगी तथा साक्षात्कार में उपस्थित रहते समय बुलावा पत्र प्रस्तुत करना होगा. इन अनुदेशों का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

12.गैर- वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान

1. आवेदकों को प्रथम, बैंक की वेबसाइट "http://www.unionbankofindia.co.in" में होमपेज में "करियर्स" लिंक खोलनी होगी.
2. इसके बाद " **UNION BANK RECRUITMENT PROJECT-2012CLERK** " पर क्लिक कर भर्ती अधिसूचना खोलनी होगी.
3. संपूर्ण भर्ती अधिसूचना साथ ही **"RECRUITMENT APPLICATION FEE PAYMENT CHALLAN "** की प्रिंट लेनी होगी.
4. **'ब्लॉक लेटर्स'** में स्पष्ट तथा पठनीय अक्षरों में भर्ती आवेदन फी भुगतान चालान को भरना होगा .
5. यूनियन बैंक की निकटतम शाखा में ,आवेदन फी चालान ले जाकर नीचे उल्लिखित उचित आवेदन शुल्क नकद रूप से भरना होगा.

आवेदक का संवर्ग	**फीस की रकम**
सामान्य / अपिव	**रु. 100.00**
अन्य	**रु. 20.00**

6. बैंक द्वारा आवेदन फीस की विधिवत् प्राप्तिस्वरूप भुगतान चालान में आवेदक के अधपन्ने की प्रति प्राप्त की लाए जिसमें शाखा अधिकारी द्वारा **(क) शाखा का नाम (ख) शाखा सोल आइडी (ग)7 से 10 अंकों का ट्रांन्जेक्शन आइडी तथा (घ) जमा करने की तारीख** दर्ज की गयी हो.
7. अब आप बैंक की वेबसाइट को पुन: खोलकर ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए तैयार हो जाएंगे तथा **"ON-LINE APPLICATION FOR UNION BANK CLERICAL RECRUITMENT PROJECT 2012' लिंक खोलकर उचित ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म का फॉर्मेट प्राप्त करेंगे.**
8. भर्ती आवेदन फी भुगतान चालान से ब्यौरे लेकर उन्हें ऑन - लाइन आवेदन फार्म में उचित स्थान में ध्यानपूर्वक भरा जाए.
9. **केवल वैयक्तिक साक्षात्कार के समय,सिस्टम जनित मुद्रित आवेदन फॉर्म के साथ आवेदन फीस भुगतान चालान रसीद की मूल प्रति संलग्न की जाए.**

उक्त के अलावा अन्य पद्धति से आवेदन फीस का भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा . बैंक द्वारा आवेदन फीस के रूप में प्रेषित मांग ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / इंडियन पोस्टल ऑडर्स आदि का नकदीकरण नहीं किया जायेगा तथा ऐसे लिखत प्राप्त होने की स्थिति में उसे आवेदक को नहीं लौटाया जायेगा

एक बार आवेदन करने के पश्चात् उसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा **एक बार प्रदत्त फीस को किसी भी कारणों से वापस नहीं किया जाएगा न ही उसे अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए आरक्षित नहीं रखा जाएगा.** *अत: पद के लिए ऑन-लाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अधिसूचना में बताये अनुसार दस्तावेज प्रस्तुति सहित पात्रता मानदंड तथा अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं.*

13 : सामान्य निर्देश :

(ए) उम्मीदवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा तथा उसके पश्चात् केवल "ऑन -लाइन "आवेदन, बैंक की वेबसाइट में प्रदर्शित इस अधिसूचना में दी गयी लिंक के जरिए करना होगा जिससे वे ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकेंगे.

आवेदन करते समय सिस्टमजनित आवेदन फॉर्म तथा अन्य दस्तावेज नहीं भेजे जाएं.उम्मीदवार को केवल वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर इसे प्रस्तुत करना होगा.

आवेदन करने से पूर्व, उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वह इस अधिसूचना में दिए पात्रता मानदंडों तथा आवश्यक दस्तावेजों को धारित रखने सहित अन्य मानदण्डों को पूरा करता / करती है.

उम्मीदवार केवल एक ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा.

उम्मीदवार की पात्रता से संबंधित समस्त मामलों में ऐसे स्तर जहां पात्रता की संवीक्षा की जानी है. परीक्षा, साक्षात्कार, चयन एवं भर्ती से संबंधित दस्तावेजों की प्रस्तुती के लिए बैंक का निर्णय अंतिम एवं उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा.**भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पाया गया कि उम्मीदवार पात्रता मानकों पूरा नहीं करता है और / या वह कोई गलत / झूठी सूचना दी है या किसी ठोस तथ्य/यों कमी ज्ञात होती है तो उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी.यदि इस तरह की त्रुटि(यां) नियुक्ति के बाद भी पायी गयी तो उनके सेवाएं समाप्त की जाएंगी.**

(बी) ऑन-लाइन आवेदन में ब्यौरों को सावधानीपूर्वक भरा जाए तथा अगले पृष्ठ पर जाने से पहले प्रत्येक पृष्ठ की सावधानीपूर्वक जांच की जाए. आवेदन फीस(जहां भी लागू हो) के ब्यौरों को विधिवत् भरने के बाद ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म "सबमीट " करने के बाद उम्मीदवार को कम्प्यूटरीकृत सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म के दो (2) प्रिंट आऊट लेने होंगे. **कम्प्यूटर जनित आवेदन फॉर्म की एक मुद्रित प्रति के प्रथम पृष्ठ पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक विधिवत् हस्ताक्षरित एक पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ व्यवस्थित रूप से चिपकाया जाए तथा इसे नीचे (सी)(डी)(इ) तथा (एफ) में सूचीबद्ध दस्तावेजों के एक सेट की तथा " फीस भुगतान चालान " की फोटो कॉपी के साथ तैयार रखना होगा. इसे केवल वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर ही प्रस्तुत करना होगा.आवेदन फॉर्म को डाक / कूरियर द्वारा बैंक को भिजवाएं. दूसरा प्रिंट आऊट आवेदक द्वारा अपने रिकॉर्ड हेतु रखा जाए.**

(सी) उम्मीदवार को वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु बुलाये जानेपर मूल प्रतियां साथ में लानी होंगी तथा उन्हें सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म के साथ नीचे सूचीबद्ध आवश्यक सभी दस्तावेजों की फोटो प्रतियां तिथिक्रमानुसार तथा " फीस भुगतान चालान " (जहां भी लागू हो) की फोटो प्रति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना चाहिए जैसे 1. उनकी जन्मतिथि, 2. एसएससी तथा एसएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र तथा अंक सूची 3. निर्धारित अर्हता होने के प्रमाण में सेमीस्टर वार / वर्ष - वार अंक सूची 4. डिग्री उत्तीर्ण करने का प्रमाणपत्र 5. कम्प्यूटर अवेरनेस प्रशिक्षण 6. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र यदि कोई हो.7. लिपिक के लिए सामान्य लिखित परीक्षा -2011 का वैध स्कोर कार्ड .

(डी) अपंगता (शारीरिक रुप से विकलांग) व्यक्तियों की श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण /उम्र की छूट का लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवारों को नीचे बताए अनुसार सक्षम प्राधिकारी (जो कि पैरा 14(ii)में दर्शाया गया है) द्वारा उनकी विकलांगता के संबंध में विकलांगता (बराबर अवसर, अधिकारों की रक्षा एवं पूर्ण प्रतिभागिता)अधिनियम 1995" में विनिर्दिष्ट किये अनुसार मेडिकल प्रमाणपत्र जो दि.01.04.2012 को या उसके बाद जारी किया गया हो की एक स्पष्ट तथा सुपाठ्य प्रति संलग्न करनी होगी. **जिसमें विकलांगता का स्वरुप तथा मात्रा (प्रतिशत) स्पष्ट रुप से दर्शाया गया हो.विकलांगता प्रमाणपत्र का निर्धारित फार्मेट बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे आवश्यकतानुसार डाऊनलोड कर,प्रिंट निकालकर उपयोग किया जा सकता है.**

(ई) अजा/अजजा/ओबीसी उम्मीदवारों को उनके जाति प्रमाणपत्र के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति भी भेजनी होगी जो भारत सरकार (केंद्रीय) के कार्मिक एवं ट्रेनिंग विभाग के कार्यालय ज्ञापन क्र. 36012/6/88 - ईएसटीटी (एसटीडी) (एसआरडी III), दिनांक 24.04.1990 एवं क्र.36036/8/98 - ईएसटीटी (आरइएस), दिनांक 16.03.1999 द्वारा निर्धारित प्रारुप में होनी चाहिए.**अजा/अजजा प्रमाण पत्र तथा अपिव संवर्ग प्रमाणपत्र का निर्धारित फार्मेट बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे आवश्यकतानुसार डाऊनलोड कर,प्रिंट निकालकर उपयोग किया जा सकता है.**

आरक्षित संवर्ग का दावा करनेवाले अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार निर्धारित फॉर्मेट में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र की फोटोप्रतियां प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं का संबंधित आरक्षित संवर्ग की पदों के लिए विचार नहीं किया जाएगा तथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी. अत: उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि जाति प्रमाणपत्र उचित फॉर्मेट में है.

(एफ)ओबीसी उम्मीदवारों द्वारा वैयक्तिक साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किये जानेवाला प्रमाणपत्र अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र भारत सरकार, कार्मिक विभाग एवं ट्रेनिंग विभाग के ज्ञापन क्र. 36033/28/94-ईएसटीटी.(आरइएस), दिनांक 02.07.1997 द्वारा निर्धारित प्रारुप में होना चाहिए जो "अन्य पिछड़े वर्ग जो भारत सरकार के अंतर्गत पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं के लिए प्रमाणपत्र फॉर्म " शीर्षक के अंतर्गत दिया गया है. इसमें "क्रिमी लेअर/नॉन क्रिमी लेअर" खंड अवश्य होना चाहिए जो वित्तीय वर्ष 2011-2012 की आय पर आधारित हो अर्थात् दि. 31.03.2012 की स्थिति. "नॉन क्रिमी लेअर खंड" होनेवाला ओबीसी प्रमाणपत्र बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

निर्धारित फार्मेट में "नॉन क्रिमी लेअर खंड" न होनेवाले ओबीसी प्रमाणपत्र और /अथवा वित्तीय वर्ष 2011-2012 के पूर्व जारी अर्थात् 31.03.2012 के पूर्व जारी किया गया प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे तथा ऐसे उम्मीदवारों की ओबीसी संवर्ग के अंतर्गत उम्मीदवारी को रद्द किया जाएगा तथा उन्हें सामान्य / अनारक्षित संवर्ग के अंतर्गत भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. अत: ओबीसी उम्मीदवारों को अपने हित में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपना ओबीसी प्रमाणपत्र उचित फॉर्मेट में तथा अद्यतन क्रिमी लेअर खंड के साथ प्राप्त करें जोकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी हो तथा उसे साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर प्रस्तुत करें.

(जी) सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (बैंक/ वित्तीय संस्थाओं सहित) में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन अपने नियोक्ता के जरिए अग्रेषित नहीं करने चाहिए बल्कि केवल वैयक्तिक साक्षात्कार के समय उनका "अनापत्ति प्रमाणपत्र " प्रस्तुत करना होगा.

(एच) कार्य अनुभव का दावा करनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने मुद्रित ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म के साथ उनके सभी नियोक्ताओं से आवेदन फॉर्म में उल्लिखित अवधियों के लिए कार्य अनुभव का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना होगा. जिसमें स्पष्ट रुप से सभी नियोक्ताओं से नियोजन / ड्यूटी की अवधि तथा स्वरुप का उल्लेख हो. **कार्य अनुभव प्रमाणपत्रों के बदले नियुक्ति प्रस्ताव पत्र, वेतन प्रमाणपत्र आदि की प्रतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

(आइ) उम्मीदवार को सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म पर चिपकाये गये उसी फोटो की पर्याप्त प्रतियां ***अपने पास रखनी चाहिए* (सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म के साथ संलग्न नहीं की जाएं)** ताकि भविष्य में भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान उसका उपयोग किया जा सकें. अर्थात् इसका उपयोग आवेदक की मूल फीस भुगतान चालान काउंटरफॉइल (जहां भी लागू हो)पर तथा लिखित परीक्षा और / अथवा समूह चर्चा (जहां भी लागू हो) वैयक्तिक साक्षात्कार, चिकित्सा जांच, पुलिस सत्यापन फॉर्मेट तथा सामान्य आवेदन फॉर्म के लिए भविष्य में किया जाएगा. उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने तक उनके रुप को न बदलने की सलाह दी जाती है.**सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म तथा "फीस भुगतान चालान" (जहां भी लागू हो)काउंटरफॉइल पर चिपकाये गये फोटोग्राफ से भिन्न फोटोग्राफ प्रस्तुत करनेवाले आवेदकों को, बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार से भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से रोका जा सकता है.**

(जे) उम्मीदवारों को अपने खर्चे से तथा जोखिम पर अपने आबंटित केन्द्रों पर लिखित परीक्षा / समूह चर्चा / वैयक्तिक साक्षात्कार / चिकित्सा जांच आदि हेतु उपस्थित होना होगा और किसी भी प्रकार की क्षति / हानि आदि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा.

तथापि पात्र (बेराजगार) बाहरी अजा/अजजा और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार, जोकि साक्षात्कार हेतु उपस्थित होते हैं, उन्हें निकटतम दूरी वाले मार्ग का आने और जाने के लिए द्वितीय श्रेणी के रेल / बस किराए की प्रतिपूर्ति यात्रा का आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर, की जाएगी.

(के)बैंक अपने विवेकानुसार केंद्र / स्थान / विशिष्ट उम्मीदवार (वारों) के संबंध में जहां भी आवश्यक हो, पुन: परीक्षा आयोजित कर सकता है.

(एल) किसी भी उम्मीदवार को कैलकुलेटर,टेलीफोन तथा किसी भी तरह के मोबाइल फोन, पेजर या ऐसे ही किसी गज़ट/ उपकरण के उपयोग की अनुमति नहीं है. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा स्थान पर ये गज़ट न लाएं क्योंकि परीक्षा स्थान पर इन्हें ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा इन गज़ट/ उपकरणों की सुरक्षित अभिरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की जाएगी.

(एम) केवल जिन उम्मीदवारों ने(1) प्रथमदृष्टया ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म में दी गयी जानकारी के आधार पर पात्रता मापदंड पूरे किये है और / अथवा (2) जिन्होंने आइबीपीएस द्वारा संचालित सामान्य लिखित उत्तीर्ण की है तथा (3) जिन्हें व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु चुना गया है, तथा (4)जिन्हें लिखित परीक्षा और / अथवा वैयक्तिक साक्षात्कार में उनके समग्र कार्यनिष्पादन के आधार पर भर्ती -पूर्व चिकित्सा जांच हेतु चुना गया है उन्हीं उम्मीदवारों को उनके द्वारा आवेदन फॉर्म में दिए गये पते पर सूचित किया जाएगा.**ऐसे सभी उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.com पर "करियर " लिंक के अंतर्गत प्रदर्शित की जाएगी.उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे समय समय पर बैंक की वेबसाईट देखकर अद्यतन जानकारी प्राप्त करें. टेलीफोन पर अथवा इ-मेल द्वारा पूछताछ न करें क्योंकि किसी भी तरह की वैयक्तिक और / अथवा टेलिफोन पूछताछ और /अथवा इ-मेल अथवा डाक द्वारा पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा/ जबाब नहीं दिया जाएगा.**

(एन) उम्मीदवारों द्वारा वैयक्तिक साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु ऊपर उल्लिखित सभी दस्तावेज़ों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना चाहिए. सत्यापन हेतु मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत न कर पानेवाले उम्मीदवारों को चयन हेतु वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी.

(ओ) उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपना संप्रेषण पता अद्यतन करें ताकि साक्षात्कार समाप्त होने के बाद बैंक द्वारा भेजे जानेवाले डाक की तत्काल प्राप्ति सुनिश्चित हो सकें.**लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के पूरे होने के बाद** किसी भी समय अपना संप्रेषण पता बदलने के इच्छुक उम्मीदवार इस परिवर्तन की सूचना बैंक को **डाक द्वारा** दे सकते हैं इस समय उन्हें (1)अपना पूरा नाम (2) सिस्टम जनित रजिस्ट्रेशन क्रमांक (3) लिखित परीक्षा का रोल नंबर (4) लिखित परीक्षा केन्द्र,(5)नोट किया गया पूर्व पता तथा(6) परिवर्तित पता सूचित करना होगा. यद्यपि परिवर्तित पते को शामिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा तथापि बैंक किसी भी कारण से इस परिवर्तन को अद्यतन न करने के लिए जिम्मेदार और / अथवा बाध्य नहीं होगा.

(पी)शॉर्ट लीस्ट किये गये / चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, उनके द्वारा निर्धारित भर्ती-पूर्व चिकित्सा जांच पूरी करने तथा उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारी न होने अथवा ऐसी चिकित्सीय स्थिति में न होने जो स्वयं उन्हें / उनके बैंक सहकर्मियों को किसी भी जोखिम में डालनेवाली हो के अध्यधीन तथा वे बैंक की आवश्यकतानुसार शारीरिक तथा चिकित्सा आधार पर स्वस्थ होने की घोषणा के आधार पर होगी.

(क्यू)वर्तमान में रोजगार प्राप्त उम्मीदवारों का यदि चयन किया जाता है तो उन्हें चाहिए के वे अपने वर्तमान नियोक्ता से वैध सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र / कार्य मुक्त करने से संबंधित पत्र बैंक में सेवा ग्रहण करने से पूर्व प्रस्तुत करें.

(आर)बैंक ने इस अधिसूचना में दिये गये पात्रता मापदंड और / अथवा अन्य कोई भी निबंधन अथवा शर्त को परिवर्तित करने / संशोधित करने अथवा बदलने का अधिकार सुरक्षित रखा है.

(एस) यद्यपि पूरी सावधानी बरती जाने के बावजूद पोस्टल ट्रान्झिट में किसी आवेदन अथवा सम्प्रेषण की प्राप्ति में कोई विलंब अथवा हानि के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा.

(टी) अंग्रेजी को छोडकर यदि किसी अन्य भाषा में व्याख्या करने में कोई विवाद होता है तो अंग्रेजी को ही अंतिम माना जाएगा.

(यू) विज्ञापन के बारे में कोई परिणामी विवाद हो तो, वह मुंबई स्थित न्यायालयों के सम्पूर्ण अधिकार क्षेत्र के अध्यधीन होगा.

(वी) बैंकिंग का क्षेत्र बहुआयामी है, इसके लिए चयनित उम्मीदवारों का सर्वांगीण विकास जरुरी है. तदनुसार, बैंक में भर्ती / चयनित किए गये उम्मीदवारों को बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं की सर्वांगीण जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है, जिसके लिए बैंक आवश्यक कार्योन्मुख / सैद्धांतिक प्रशिक्षण देगा. यह अपेक्षा की जाती है कि चयनित उम्मीदवार निर्धारित कौशल्य से अपने आपको लैस करने के प्रयास करेंगे ताकि वे यथासमय बैंक में उच्च स्थान ग्रहण करने में सफल हो सके.

14 : अजा / अजजा / अपिजा / शारीरिक रुप से विकलांग उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी.

(i) <u>अजा / अजजा / अपिजा के उम्मीदवारों के लिए :</u>

ए) जिला मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट / जिलाधिकारी / उपायुक्त / अतिरिक्त उपायुक्त / उप जिलाधिकारी / प्रथम श्रेणी स्टाइपेंडरी मैजिस्ट्रेट / उप - विभाग मैजिस्ट्रेट / तालुका मैजिस्ट्रेट / कार्यकारी मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त सहायक कमिश्नर.

बी) मुख्य प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट / अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट / प्रेसिडेंसी मैजिस्ट्रेट.

सी) ऐसा राजस्व अधिकारी, जो तहसीलदार श्रेणी से कम का न हों.

डी) क्षेत्र का उप - प्रभागीय अधिकारी, जहां आमतौर पर उम्मीदवार और / या उसका परिवार रहता है.

(ii) <u>विकलांग (शारीरिक विकलांग उम्मीदवार) व्यक्तियों के लिए</u>

जिला स्तर पर चिकित्सा बोर्ड, प्राधिकृत प्रमाणनकर्ता प्राधिकारी होगा. चिकित्सा बोर्ड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिले का उप विभागीय चिकित्सा अधिकारी और आर्थोपेडिक सर्जन शामिल होगा.

15. आवेदन कैसे किया जाए :

ए: **उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत इ-मेल आइडी होनी चाहिए जो भर्ती परियोजना की संपूर्ण अवधि के लिए वैध होनी चाहिए. यदि उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत इ-मेल आइडी नहीं है तब उन्हें अपनी नयी इ-मेल आइडी प्राप्त कर लेनी चाहिए. उम्मीदवारों** को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी वैयक्तिक इ-मेल आइडी, जो कि नवंबर / दिसंबर,2011 में संचालित सामान्य लिखित परीक्षा (सीडब्लूइ) हेतु ऑन-लाइन आवेदन फार्म में दी गयी हो,को भर्ती परियोजना की अवधि के दौरान ॲक्टिव रखा जाए. बैंक समूह चर्चा/साक्षात्कार आदि के लिए बुलावा पत्र,पंजीकृत इ-मेल आइडी पर भेजेगा.

उम्मीदवार के अलावा अन्य व्यक्तियों की इ-मेल आयडी के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(बी) पात्र उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in के जरिए केवल " ऑन लाइन " आवेदन प्रस्तुत करना होगा. किसी भी अन्य साधन / माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

उम्मीदवार केवल एक ऑन-लाइन आवेदन दि.19.06.2012से 03.07.2012तक(दोनों दिन शामिल कर) प्रस्तुत कर सकता है .

(सी) उम्मीदवार को ऑन-लाइन आवेदन हेतु आवश्यक ब्यौरे जैसे उनके द्वारा प्रदत्त आवेदन फीस,शैक्षिक अर्हता,कार्यानुभव संबंधी ब्यौरे तथा अन्य वैयक्तिक जानकारी ऑन-लाइन आवेदन भरने से पूर्व, तैयार रखनी होगी.

(डी) ऑन -लाइन आवेदन कैसे करें : -

(i) इंटरनेट पर बैंक की वेबसाइट " www.unionbankofindia.co.in"पर होम पेज में "करियर्स" लिंक के अंतर्गत "UNION BANK RECRUITMENT PROJECT- 2012 CLERK" देखें.

(ii) भर्ती अधिसूचना तथा भर्ती आवेदन,फीस भुगतान चालान को प्रिंट किया जाए तथा आवेदन फीस(जहां भी लागू हो) के भुगतान की तारीख आरंभ होने तथा आवेदन फीस के भुगतान की तारीख समाप्त होने से पहले **" गैर-वापसी योग्य आवेदन फीस"** के अंतर्गत बताये अनुसार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में फीस का भुगतान करें.

(iii) आवेदन फीस का भुगतान करने के पश्चात् फिर से बैंक की वेबसाइट तथा भर्ती अधिसूचना देखें.

(iv) **" क्लर्क" के लिए ऑन लाइन आवेदन " के पास होनेवाली उचित लिंक को क्लिक करें** ताकि ऑन- लाइन आवेदन फॉर्म फॉर्मेट की उचित लिंक खुल जाएं.

(v) ऑन लाइन पंजीकरण प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :

(1) पहले लॉग- इन पृष्ठ प्रदर्शित होगा जहां उम्मीदवार को अपने ब्यौरे जैसे पंजीकरण(रजिस्ट्रेशन क्रमांक अथवा रोल नंबर तथा पासवर्ड प्रविष्ट करना होगा.

(2) यदि उम्मीदवार सामान्य लिखित परीक्षा में योग्य पाया गया है तब बाद में ऑनलाइन आवेदन फॉर्म प्रदर्शित होगा जहां उम्मीदवार अपना नाम,फी भुगतान ब्यौरे भर सकता है तथा अपनी शैक्षिक अर्हता,ज्ञात भाषाओं को अद्यतन कर सकता है . अन्य फील्ड की जानकारी जैसे परीक्षा में प्राप्त स्कोर आदि उम्मीदवार के स्क्रीन पर अपने-आप प्रदर्शित होंगे.

(3) उम्मीदवार द्वारा आवश्यक ब्यौरे भरे जाने,उसका सत्यापन करने तथा ऑन-लाइन आवेदन फॉर्म प्रस्तुत किये जाने के पश्चात् सिस्टम द्वारा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंट आऊट तैयार किया जाएगा. **प्रस्तुति के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के ब्यौरों को एडीट करने का प्रावधान नहीं है**.अगली चयन प्रक्रिया में शॉर्ट लीस्ट होने की स्थिति में उम्मीदवार इसका प्रिंट-आऊट लेकर इसे अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ प्रस्तुत करेगा

16. **ऑन - लाइन आवेदनों तथा फॉर्मों को प्रस्तुत करने/प्राप्ति की अंतिम तारीख :**

- ऑन लाइन आवेदन करने **की अंतिम तारीख 03.07.2012 है.**
- यूनियन बैंक की किसी भी शाखा में आवेदन फीस का भुगतान(ऑन-लाइन आवेदन करने से पूर्व) करने की **अंतिम तारीख 03.07.2012 है.**

सिस्टम जनित आवेदन फॉर्म की मुद्रित प्रति जिस पर पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाया गया हो, साथ ही,भर्ती आवेदन फीस(जहां भी लागू हो) के भुगतान चालान की फोटोप्रति,निर्दिष्ट दस्तावेजों की फोटोप्रतियों का एक सेट आवेदन करते समय प्रस्तुत नहीं किया जाए. **ये सभी दस्तावेज साथ ही इन दस्तावेजों की मूल प्रतियां, केवल वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर ही आवश्यक होंगी.**

उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि भर्ती आवेदन शुल्क के फीस के भुगतान तथा ऑन-लाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि की प्रतिक्षा न करें ताकि भारी इंटरनेट ट्राफिक के कारण बैंक की वेबसाइट पर पहुंचना संभव न होने से निराश होना पड़े. आप अंतिम तिथि से पर्याप्त पहले आवेदन प्रस्तुत कर उपलब्ध बृहद् समय-सीमा का लाभ उठायें.बैंक,इंटरनेट कनेक्टिवीटी की अनुपलब्धता अथवा बैंक के नियंत्रण के बाहर होनेवाला कोई भी कारण जिससे उम्मीदवार अपना आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ हो जाता है के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

महा प्रबंधक(मासं)

मुंबई 09.06.2012

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

UNION BANK RECRUITMENT PROJECT 2012-Clerk

RECRUITMENT NOTIFICATION

Union Bank of India, Leading Listed Public Sector Bank with Head Office in Mumbai and all India representation invites ON-LINE Applications, from qualified candidates who hold a valid score card issued by IBPS, for filling up 1636 Vacancies in the post of Single Window Operator 'A'/Clerk.

INCLUDES THE BACKLOG RESERVED VACANCIES FOR SC/ST/ OBC AND FOR PERSONS WITH DISABILITIES.

[PLEASE READ THIS NOTIFICATION CAREFULLY BEFORE SUBMITTING THE ON-LINE APPLICATION]
{PAY APPLICATION FEES AT ANY UNION BANK OF INDIA BRANCH BEFORE APPLYING ON-LINE}

CASH PAYMENT OF NON REFUNDABLE APPLICATION FEES
AT ANY UNION BANK OF INDIA BRANCH ACROSS INDIA

(for General & OBC Category Candidates only) *Rs.100/-*
For others (as intimation charges.) *Rs. 20/-*

APPLICATION FEE PAYMENT CHALLAN on Page 17 of this Notification.]

OPENING DATE FOR PAYMENT OF FEES : **19.06.2012**

OPENING DATE ON-LINE APPLICATION : **19.06.2012**
[*Choose Link to appropriate On-Line Application Form, available on the Banks website.* **]**

LAST DATE FOR PAYMENT OF FEES & ON-LINE APPLICATION : **03.07.2012**

1: (a) NAME OF THE POST:

POST	AGE (As on 01.08.2011*)	Emoluments
Single Window Operator "A"/ Clerk	Minimum age : 20 years & # Maximum age : 28 years	Basic Pay in Time Scale of Rs.8000 – Rs.19300 plus DA, HRA, CCA, Conveyance Allowance, Gratuity, Pension, LFC, Medical Aid, Reimbursement of Hospitalization & other expenses as also various facilities under Staff Welfare Schemes as per Bank's Rules

 # Maximum Age for UR, relaxation for Reserved (SC / ST / OBC/PWD/XSM) Category as per Para 4.

*** The Qualifying cut off date for Age (Minimum and Maximum) Educational Qualification and other Qualifying criteria is 01.08.2011 i.e as prescribed by IBPS in its notification for CWE of Clerks.**

The recruitment will be on STATE-WISE / UNION TERRITORY-WISE basis indicated below. It will therefore be necessary that candidates apply for vacancies of a State/UT from which they have appeared for the Common Written Examination and in which they have qualified**. A candidate can make an application for** *ONLY ONE STATE or UNION TERRITORY AND S/HE SHOULD BE WILLING TO BE POSTED AT ANY PLACE IN THAT STATE / UNION TERRITORY.* **No change in the preference of the State / Union Territory Applied & / or Interview Centre will be permitted after submission of the**

Application Form. **It is imperative that the candidate should know to Read, Write & Speak the Official Language of the State / Union Territory for which S/HE chooses to apply.**

(b) VACANCY POSITION:

NAME OF STATE	GRAND TOTAL	HORIZONTAL RESERVATION										
		SC	ST	OBC	UR	PWD				XSM		
						VI	HI	OC	TOT	DXS	RXS	TOT
ANDHRA PRADESH	**112**	18	8	30	56	1	0	0	1	5	11	**16**
ASSAM	**22**	0	3	9	10	1	1	0	2	1	2	**3**
ARUNACHAL PRADESH	**1**	0	0	0	1	1	0	0	1			**0**
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS	**1**	0	0	1	0	1	0	0	1			**0**
BIHAR	**50**	8	1	17	24	2	1	1	4	2	5	**7**
CHHATTISGARH	**25**	2	10	1	12	1	1	0	2	1	3	**4**
DELHI	**150**	20	12	43	75	1	2	1	4	7	15	**22**
GOA	**6**	0	2	1	3	1	0	0	1		1	**1**
GUJARAT	**18**	0	3	6	9	2	1	0	3	1	2	**3**
HARYANA	**43**	9	0	12	22	2	1	1	4	2	4	**6**
HIMACHAL PRADESH	**2**	0	0	1	1	0	0	1	1			**0**
JHARKHAND	**21**	2	7	2	10	0	1	0	1	1	2	**3**
JAMMU & KASHMIR	**3**	0	1	0	2	1	0	0	1		1	**1**
KERALA	**69**	0	3	37	29	1	1	0	2	3	7	**10**
KARNATAKA	**49**	7	6	13	23	1	1	0	2	2	5	**7**
MADHYA PRADESH	**110**	17	22	16	55	2	3	0	5	5	11	**16**
MAHARASHTRA	**135**	14	36	31	54	4	4	1	9	6	13	**19**
MEGHALAYA	**1**	0	0	1	0	1	0	0	1			**0**
MIZORAM	**2**	0	1	0	1	1	0	0	1			**0**
ORISSA	**14**	2	3	2	7	0	1	0	1	1	1	**2**
PUNJAB	**63**	14	0	22	27	3	2	2	7	3	6	**9**
RAJASTHAN	**43**	7	5	9	22	1	2	0	3	2	4	**6**
SIKKM	**1**	0	0	0	1	1	0	0	1			**0**
TAMIL NADU	**114**	23	0	34	57	3	3	1	7	5	12	**17**
TRIPURA	**3**	0	2	0	1	1	0	0	1		1	**1**
UTTAR PRADESH	**526**	93	9	162	262	9	12	5	26	24	52	**76**
UTTARAKHAND	**11**	1	1	2	7	0	1	1	2	1	1	**2**
WEST BENGAL	**41**	0	3	18	20	1	2	0	3	2	4	**6**
TOTAL	**1636**	**237**	**138**	**470**	**791**	**43**	**40**	**14**	**97**	**74**	**163**	**237**

The number of vacancies as also the number of reserved vacancies is provisional and may vary according to the actual requirement of the Bank.

NOTES:

- Candidates should ensure that they carefully fill in the On-Line Application Form and satisfy themselves that the information filled in is correct before they submit the application online

2: ABBREVIATIONS & DEFINITIONS:

a. Category of Persons:

SC - SCHEDULED CASTE
ST - SCHEDULED TRIBE
OBC - OTHER BACKWARD CLASSES
UR - UNRESERVED - GENERAL
PWD - PERSONS WITH DISABILITIES (Physically Challenged Persons)
VI - VISUALLY IMPAIRED (BLIND / PARTIALLY BLIND / LOW VISION
HI - HEARING IMPAIRED
OC - ORTHOPAEDICALLY CHALLENGED
XSM - EX-SERVICEMEN
DXS - DISABLED EX-SERVICEMEN / DEPENDANTS OF SERVICEMEN KILLED IN ACTION
RXS - REMAINING EX-SERVICEMEN

b. An **Orthopedically Challenged (OC)** person is one having a minimum of 40% physical defect or deformity which causes interference with the normal functioning of the bones, muscles and joints and is so certified by a Medical Board appointed by the State Government. Only those who fall in the following categories are eligible to apply :
BL - Both Legs Affected but not Arms;
OA - One Arm Affected (Right or Left)
- (a) Impaired Reach; (b) Weakness of Grip; (c) Ataxia;
OL - One Leg Affected (Right or Left);
MW - Muscular Weakness & Limited Physical Endurance.

3. **Visually Challenged (VC)**

(a) Only those persons who suffer from either of the following conditions:
(i) Total absence of sight,
(ii) Visual Acuity not exceeding 6/60 or 20/200 (Snellen) in the better eye with correcting lenses, or
(iii) Limitation of the field of vision subtending an angle of 20 degree or worse and so certified by a Medical Board appointed by the State Government.

(b) A person with Low Vision means one with impairment of visual functioning even after treatment of standard refractive correction but who uses or is potentially capable of using vision for the planning or execution of a task with appropriate assistive device.

4. **Deaf & Hearing Impaired (HI):**

(a) Deaf are those persons in whom the sense of hearing is non-functional for ordinary purposes of life, i.e. with total loss of hearing in both ears. They do not hear and understand sounds at all - even with amplified speech.

(b) Hearing impairment means loss of more than 60 decibels in the better ear in the conversational range of frequencies.

5. RESERVATION IN POSTS:

(a) Reservation in posts for different categories of persons, including backlog under the respective reservation categories is as indicated in Para 1 against the respective vacancies. Candidates belonging to the Reserved Category are free to apply for the Unreserved (General Category) vacancies, but they will not be entitled to relaxation

in terms of age, qualifications, and standards of selection and other parameters available to the Reserved Category Segment and will compete on General Category Standards.

Where a post has been specifically earmarked for a particular Category, other than Unreserved - General Category, candidates belonging to the other Categories are not permitted to apply.

The Reservation for Persons With Disabilities (PWD) in posts where the candidate will be in a position to discharge his duties required of the post as envisaged under 'The Persons with Disabilities (Equal Opportunities, Protection of Rights & Full Participation) Act, 1995' will be as follows : **OC - X, VI - X, HI - X.**

As the Reservation for Persons With Disabilities (PWD) Category candidates is on a horizontal basis, the selected candidates will be placed in the appropriate category to which they belong (viz. SC, ST, OBC, and Unreserved (General Category).

